भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1396

बुधवार, 10 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

काँच उद्योग

1396 श्री असादुद्दीन ओवैसी:

श्री सय्यद ईमत्याज जलील:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड वैक्सीन के अनुमानित आरंभ के कारण, काँच उद्योग में मांग तेजी से बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो देश में हाल ही के महीनों में काँच की मांग और आपूर्ति कितनी है;

(ग) गत तीन माह के दौरान भारत द्वारा काँच के व्यापार का कुल निर्यात और आयात कितना है;

(घ) क्या कोविड-19 मामलों से ठीक होने की परिप्रेक्ष्य में, मास्क और फेस शील्ड की मांग में भारी कमी आई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) और (ख): जी नहीं। औद्योगिक अनुमान के अनुसार कांच उद्योग प्रतिदिन लगभग 20,000 टन कांच पिघलाता है। वैक्सीन वायल्स के लिए कांच की हिस्सेदारी लगभग 1% है। अतः वैक्सीन वायल्स के लिए कांच की मांग का कांच की कुल मांग पर बहुत ही कम प्रभाव था।

(ग) : पिछले 3 माह में भारत से कांच और कांच के बने सामान का कुल निर्यात और आयात अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): कोविड-19 महामारी से पूरी तरह निपटने के लिए, कोविड-19 से संबंधित उचित व्यवहार को बढ़ावा देने और फेस मास्क/फेस शील्ड पहनना सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसे देखते हुए, प्रश्न ही नहीं उठता।

*****

अनुबंध

दिनांक 10.02.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1396 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

<u>कांच और कांच के बने सामान का आयात और निर्यात</u>

(मिलियन अमरीकी डालर में मूल्य)

अवधि- सितंबर- नवंबर, 2020

क. निर्यात

क्र सं.	**एचएस कोड**	**विवरण**	**सितंबर, 2020**	**अक्टूबर, 2020**	**नवंबर, 2020**
1.	70	कांच और कांच के बने सामान	84.98	77.52	68.11

ख. आयात

क्र सं.	**एचएस कोड**	**विवरण**	**सितंबर, 2020**	**अक्टूबर, 2020**	**नवंबर, 2020**
1.	70	कांच और कांच के बने सामान	75.23	88.65	84.53